दिनांकः 14.09.2026 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश में 309 नगरीय निकायों के चुनाव के लिए कडी सुरक्षा के बीच मतगणना जारी– दोपहर तक नतीजे आने की संभावना।
- जैसलमेर की पोखरण रेंज में तीन दिवसीय ड्रोनाथॉन–2026 की शुरूआत आज से।
- गणेश चतुर्थी के पर्व को लेकर प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास का माहौल–जगह–जगह गणपति बप्पा के जयकारों के साथ वातावरण भक्तिमय।

और

- हिन्दी दिवस के अवसर पर आज कई कार्यक्रमों का आयोजन–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दी शुभकामनाएं।

..............................

प्रदेश में आज 309 नगरीय निकायों के चुनाव के लिए मतगणना हो रही है। सुबह आठ बजे से कडी सुरक्षा के बीच मतों की गिनती शुरू हुई। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती की गई। इसके बाद ईवीएम के मतों की गिनती की जा रही है। मतगणना स्थलों पर गहमा–गहमी का माहौल है। 38 हजार 889 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज हो जाएगा। जोधपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां नगर निगम के 100 वार्डों में कुल 385 प्रत्याशी मैदान में हैं।

..................

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि मतगणना को पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से विशेष इंतजाम किये गये हैं।

.....................

श्री सिंह ने कहा कि आज परिणाम के बाद विजय जुलूस और रैली निकालने पर रोक रहेगी। उन्होंने नतीजों के बाद लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

..................

गौरतलब है कि 9 और 11 सितम्बर को दो चरणों में हुए मतदान में पहले चरण में 162 निकायों में 76 दशमलव 42 प्रतिशत और दूसरे चरण में 147 निकायों में करीब 71 प्रतिशत मतदान हुआ था। निकायों के अध्यक्षों का चुनाव 21 सितम्बर को होगा।

..............................

जैसलमेर की पोखरण रेंज में भारतीय वायुसेना आज से ड्रोनाथॉन–2026 आयोजित करेगी। तीन दिन के इस ड्रोनाथॉन में भारतीय उद्योग जगत की कंपनियां स्वदेशी ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों का विकास, परीक्षण और प्रदर्शन करेंगी। इस आयोजन का उद्देश्य घरेलू निर्माताओं को मानव रहित हवाई प्रणालियों और ड्रोन रोधी प्रणालियों में अपनी क्षमताओं और तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करने का अवसर देना है। ड्रोनाथॉन के जरिए मौजूदा जरूरतों के अनुरूप तकनीकी समाधान तलाशने और उनकी युद्धक प्रभावशीलता का आकलन करने में मदद मिलेगी। आयोजन को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

..............................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स के सभी सदस्य देशों के नेताओं का दिल्ली शिखर सम्मेलन को सफल और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए आभार व्यक्त किया है। दो दिन के शिखर सम्मेलन के विशेष क्षणों

को दर्शाने वाला एक वीडियो प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया गया है। वीडियो में प्रधानमंत्री के शिखर सम्मेलन भाषण का एक अंश दिखाया गया है, जिसमें उन्होंने कहा कि ब्रिक्स के माध्यम से भारत ने विश्व स्तर पर मित्रता, साझेदारी और सहयोग को आगे बढ़ाया है। शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले नेताओं में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन और अबू धाबी के युवराज शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नहयान शामिल थे।

..............................

प्रदेश में गणेश चतुर्थी का पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शहरों से लेकर गांवों तक गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना और आरती का दौर चल रहा है। गणपति बप्पा के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। जयपुर के मोती डूंगरी स्थित गणेश मन्दिर में दर्शनों के लिए देर रात से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगना शुरू हो गई। इससे पहले कल मन्दिर में सिंजारे का आयोजन हुआ। गणपति को मेंहदी अर्पित कर श्रद्धालुओं में इसका वितरण किया गया। डूंगरपुर में गेपसागर की पाल पर गणेशजी की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई और गंगा आरती की तर्ज पर आरती हुई। पाली में गणेश यात्राएं निकाली जा रही हैं, जबकि भरतपुर में दो सौ से अधिक पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है। बाड़मेर और विराटनगर में भी प्रमुख गणेश मंदिरों में मेले और धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात के विशेष इंतजाम किए गए हैं। उधर, सवाई माधोपुर में त्रिनेत्र गणेश मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

..............................

देशभर में आज हिन्दी दिवस मनाया जा रहा है। साल 1949 में इसी दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को देश की आधिकारिक भाषा के तौर पर अपनाया था। आज हिन्दी दुनिया में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और 52 करोड़ से ज्यादा लोगों की पहली भाषा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज नवी मुंबई में हिन्दी दिवस 2026 कार्यक्रम और छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में शामिल होंगे। इधर प्रदेश में भी हिन्दी दिवस पर कई कार्यक्रम रखे गये हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया पर सभी प्रदेशवासियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा हमारे संस्कारों, भावनाओं और विचारों की सशक्त अभिव्यक्ति है। यह विविधताओं से भरे हमारे देश को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करती है।

..............................

बाड़मेर जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए डिजिटल ई–प्रिस्क्रिप्शन प्रणाली शुरू की गई है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. हनुमान राम चौधरी ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत अब मरीजों को पुरानी कार्बन पर्चियों से राहत मिलेगी। मरीज के आधार या मोबाइल नंबर से जेनरेट होने वाले यूनिक क्यूआर कोड के जरिए ओपीडी जानकारी, लैब रिपोर्ट और दवाओं का विवरण डिजिटल रूप से उपलब्ध होगा। यह रिकॉर्ड सीधे मरीज की आभा आईडी से लिंक होगा, जिससे भविष्य में इलाज आसान और पारदर्शी बनेगा।

...................

प्रदेश में सक्रिय मानसून के असर से आज से तीन दिन तक कई हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार, आज और कल उदयपुर संभाग और आसपास के जिलों में कहीं–कहीं मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर संभाग में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। बीकानेर संभाग में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। इससे पहले पिछले 24 घंटे के दौरान भी प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हुई। कल जयपुर सहित कई शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। झालावाड़ के पचपहाड़ में 33 और बांसवाड़ा के कुशलगढ़ में 32 मिलीमीटर बारिश हुई। उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं अच्छी बारिश हुई। जोधपुर शहर और आसपास के क्षेत्रों में भी करीब एक महीने बाद हल्की बारिश हुई। जयपुर में दोपहर बाद कुछ हिस्सों में बारिश से तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई।

..............................